तापमान
अधिकतम 31.7 डिग्री
न्यूनतम 24.9 डिग्री

हरिभूमि
सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 25 जुलाई 2025

11 पहलवान अमित का अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए चयन



12 अतिक्रमण हटाने के नाम पर व्यापारियों में दहशत फैलाना बंद करे निगम



## खबर संक्षेप

### पत्नी को हथियार दिखाकर डराने वाला पति साथी के साथ गिरफ्तार

**सोनीपत।** मुरथल पुलिस ने महिला को हथियार दिखाकर डराने व अवैध हथियार मुहैया करवाने के आरोपी को गिरफ्तार किए है। जिनकी पहचान सीटू निवासी मुरथल व शोकिन निवासी बागपत यूपी के रूप में हुई है। महिला ने 23 जुलाई को बताया कि उसकी शादी पांच साल पहले सीटू के साथ हुई थी। उसे पिस्तौल दिखाकर डराता रहता है। 23 जुलाई को करीब सात बजे उसका पति घर पर आया। अपने पास रखी पिस्तौल से डराया व फरार हो गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सिपाही संदीप की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को काबू कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने हथियार देने के आरोप में शोकिन को भी गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट ने दोनों को जेल भेज दिया।

### हरिद्वार से कांवड़ लेने गया बुजुर्ग संदिग्ध हालात में लापता

**सोनीपत।** जीवन नगर निवासी एक बुजुर्ग व्यक्ति कांवड़ लेने हरिद्वार गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। प्रयासों के बावजूद परिजनों को सुराग नहीं मिला तो मामले की शिकायत पुलिस को दी। जीवन नगर निवासी बुजुर्ग की पुत्रवधू माधुरी ने बताया कि उसके ससुर महेंद्र तनेजा 19 जुलाई को कावड़ लेने हरिद्वार गए थे। उनके पास तो मोबाइल था और न ही कोई संपर्क का माध्यम। कई दिन बीत जाने के बाद भी जब वह घर नहीं लौटे तो चिंता बढ़ गई। परिजन हरिद्वार और आसपास के क्षेत्रों में उनकी तलाश कर चुके हैं, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया।

## सीईटी परीक्षा को लेकर रोडवेज विभाग अलर्ट

# 907 बसों व 143 शटल सेवाओं के साथ रोडवेज विभाग तैयार

26 व 27 जुलाई को दो शिफ्टों में होगी परीक्षा, 26 को सुबह 378 व शाम को चलेंगी 379 बसें, 907 में 154 सरकारी व 753 प्राइवेट बसें शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



हरियाणा में 26 और 27 जुलाई को आयोजित होने जा रही सीईटी परीक्षा के लिए परिवहन विभाग ने व्यापक स्तर पर तैयारियां कर ली हैं। परीक्षार्थियों को सुगमता से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए सोनीपत रोडवेज डिपो की ओर से जीएम संजय कुमार के नेतृत्व में विशेष बस संचालन, क्लस्टर प्रणाली और शटल सेवाओं की व्यवस्था की गई है। परीक्षा की दोनों तिथियों पर परीक्षार्थियों की संख्या और शिफ्ट के अनुसार बसें लगाई गई हैं। 26 जुलाई को सुबह की शिफ्ट के लिए 378 बसें और शाम की शिफ्ट के लिए 379 बसें चलाई जाएंगी। परीक्षा के दौरान प्रतिदिन कुल 907 बसें संचालित की जाएंगी, जिनमें 154 सरकारी व 753 प्राइवेट बसें शामिल हैं। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए 143 शटल बस सेवाएं शुरू की जाएंगी। इन सेवाओं के माध्यम से 58 परीक्षा केंद्रों को 37 पिकअप पॉइंट्स से जोड़ा गया है, ताकि छात्रों को सीधी और आसान सुविधा मिल सके।

### 8 गांवों से सीधी सेवा, सुबह 4 बजे से संचालन

15 बड़े गांवों को विशेष क्लस्टर में शामिल किया गया है, जिनमें भैंसवाल कलां, सिसाना, फरमाना, खांडा, मुड़लाना, शामड़ी, खानपुर कलां, बरोदा, बुटाना, भावड़, कथूरा, जागसी और आहुलाना जैसे नाम शामिल हैं। इन गांवों से सीधी बसें चलाई जाएंगी, जो 25 जुलाई की शाम को गांवों में पहुंच जाएंगी और 26 जुलाई की सुबह 4:00 बजे से संचालन शुरू होगा। इन गांवों में 25 जुलाई की शाम को मुनादी कराकर परीक्षार्थियों को पूर्व सूचना दी जाएगी। साथ ही सरपंचों को सूचना भेज दी गई है और ग्राम सचिव व पटवारी की ड्यूटी भी लगाई गई है ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

### आठ क्लस्टर में बांटे गए 37 प्वाइंट, पहली बार प्रयोग में 15 नए क्लस्टर

विभाग के अधिकारी संजय ने बताया कि पहली बार 37 पिकअप प्वाइंट को 8 क्लस्टर में बांटा गया है। इसके अतिरिक्त 15 नए क्लस्टर भी बनाए गए हैं, जिनमें एक क्लस्टर में लगभग छह परीक्षा केंद्रों को जोड़ा गया है। सभी बसों पर क्लस्टर कोड के बैनर लगाए जाएंगे, जिससे परीक्षार्थी को अपनी निर्धारित बस पहचानने में आसानी होगी। पानीपत व भिवानी की ओर से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए डीटीआई मुरथल ट्रेनिंग सेंटर को अस्थायी बस स्टैंड के रूप में उपयोग में लाया जाएगा। यहां से शटल सेवा के माध्यम से परीक्षार्थियों को सीधे परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा।

### कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द, पूरी तैयारी के साथ ड्यूटी पर तैनात

सीईटी परीक्षा को लेकर रोडवेज के सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। तीज जैसे त्योहार पर भी सभी कर्मचारी ड्यूटी पर रहेंगे। सभी बसों का मेंटेनेंस पूरा कर लिया गया है, साथ ही पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए हर स्तर पर मजबूत व्यवस्था की गई है। यह पहली बार है जब क्लस्टर प्रणाली को इस पैमाने पर लागू किया गया है और हम इसकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण रूप से तैयार हैं।

*-संजय कुमार, महाप्रबंधक रोडवेज डिपो सोनीपत।*

### 58 परीक्षा बनाए

58 परीक्षा केंद्रों में 14586 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा जिले में 26 व 27 जुलाई को दो शिफ्टों में 14586 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जिनके लिए 37 स्थानों पर 58 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सोनीपत परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देने वाले अधिकतर परीक्षार्थी भिवानी जिले के हैं। जबकि जिले के करीब 20 हजार परीक्षार्थी दूसरे जिलों में जाएंगे। परीक्षार्थियों को बस स्टैंड से परीक्षा केंद्र तक लाने व ले जाने की व्यवस्था की जा रही है।

# नई पहल: सीईटी परीक्षार्थियों के लिए 'मार्गदर्शक ग्रुप' करेगा मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक सुरक्षित व समय पर पहुंचाने में करेंगे मदद

संयुक्त पात्रता परीक्षा को लेकर सोनीपत शहर एक बार फिर सेवा, सहयोग और सौहार्द की अनूठी मिसाल पेश करने जा रहा है। 26 और 27 जुलाई को आयोजित होने वाली इस परीक्षा के लिए प्रदेश भर से हजारों परीक्षार्थी शहर में आएंगे। ऐसे में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने मिलकर 'मार्गदर्शक ग्रुप' नामक सेवा अभियान की शुरुआत की है, जो परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक सुरक्षित और समय पर पहुंचाने में मदद करेगा।

### परीक्षार्थियों को राह दिखाएंगे स्वयंसेवक

सोनीपत नगर सुधार मंच द्वारा शुरू की गई 'सही मार्गदर्शन–सुरक्षित परीक्षा' मुहिम के तहत शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, बस अड्डों और रेलवे स्टेशन पर स्वयंसेवक तैनात रहेंगे। ये स्वयंसेवक परीक्षार्थियों को न केवल सही रास्ता बताएंगे, बल्कि उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन, लोकेशन और जरूरत पड़ने पर व्हाट्सएप के जरिए डिजिटल लोकेशन भी उपलब्ध कराएंगे। यह सेवा पूरी तरह निःस्वार्थ भावना से संचालित की जा रही है और पूर्व में भी इसी तरह के अभियानों में सफलता प्राप्त कर चुकी है।

### सभी के लिए खुला सेवा मंच

चेयरमैन संजय सिंगला, प्रधान मोहन सिंह मनोचा व महासचिव रविंद्र सरोहा ने कहा कि यह अभियान किसी संस्था या विचारधारा तक सीमित नहीं है। कोई व्यक्ति, सामाजिक संगठन या राजनीतिक कार्यकर्ता इस सेवा में शामिल हो सकता है। व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सभी परीक्षा केंद्रों की लोकेशन, रूट मैप व समय सारणी साझा की जा रही है। स्वयंसेवक सुबह 7 से 9 बजे और दोपहर 12 से 2 बजे तक अपनी सेवाएं देंगे।

### हर परीक्षार्थी की चिंता हमारी जिम्मेदारी

प्रतिनिधियों ने कहा कि उनका उद्देश्य सिर्फ रास्ता बताना नहीं, बल्कि अजनबी शहर में आए हर विद्यार्थी की हरसंभव सहायता करना है। इसी भावना के तहत सभी स्वयंसेवकों को परीक्षा केंद्रों की सूची, पहुंच मार्ग और संबंधित जानकारी पहले ही उपलब्ध कराई जा चुकी है, ताकि किसी भी परीक्षार्थी को भटकना न पड़े।

### स्कूलों व दुकानदारों से मांगा सहयोग

मंच ने उन स्कूलों से, जहां परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, आग्रह किया है कि वे अपनी सटीक लोकेशन साझा करें। साथ ही केंद्रों के आसपास के दुकानदारों से भी अपील की गई है कि वे परीक्षार्थियों के बैग व सामान रखने के लिए निःशुल्क व्यवस्था करें। मंच ने प्रशासन से भी अनुरोध किया है कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सामान रखने के लिए एक उपयुक्त स्थान निर्धारित किया जाए, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# एक कॉलोनी से दो नाबालिग लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- मंगलवार शाम को घर से निकली देर रात तक वापस नहीं लौटी।

कुंडली थाना क्षेत्र के अंतर्गत लांडा कॉलोनी से दो नाबालिग लड़कियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। परिजनों द्वारा काफी तलाश के बावजूद जब उनका कोई सुराग नहीं लगा, तो उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई। परिजनों ने आशंका जताई है कि दोनों लड़कियों के साथ कोई अनहोनी हो सकती है। किसी ने उन्हें अज्ञात जगह पर बंधक बनाकर रखा हुआ है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

एचएचओ सेठी मलिक ने बताया कि दोनों नाबालिग मंगलवार की शाम घर से निकली थीं, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटीं। परिवार ने आसपास के इलाकों में, रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई। इस संबंध में पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और क्षेत्र में पूछताछ भी की जा रही है। दोनों लड़कियों की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है और हर पहलू से मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही लड़कियों का पता लगा लिया जाएगा।

# बिखरी कांग्रेस से जनता ने बनाई दूरी: बड़ौली

- अभियान के दौरान जब्त किए सामान को नपा में किया सील।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



भाजपा की संगठनात्मक बैठक गुरुवार को सोनीपत भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज की अध्यक्षता में हुई। प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर चर्चा की और वर्तमान में चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा भी की। कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं ताकत व मेहनत से तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी और आगे भी बीजेपी की सरकार बनेगी।

### कांग्रेस को घेरा

प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा का हरियाणा में संगठन पर्व चल रहा है। मंडल से लेकर जिलों तक की टीमों का गठन हो चुका है। उन्होंने पीएम मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को लेकर तैयारियों की जानकारी ली। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा की नायब सरकार जनहित को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। एक सवाल पर बोलते हुए बड़ौली ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में अब किसी की रूचि नहीं रही, कांग्रेस अब बिखर चुकी है। उन्होंने कहा कि गलत नीतियों के कारण जनता ने कांग्रेस से दूरी बना ली है। शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर पूछे गए सवाल पर बड़ौली ने कहा कि हरियाणा की नायब सरकार ने परीक्षा के लिए मजबूत व्यवस्थाएं की है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, जिला प्रभारी सतीश नांदल, महामंत्री तरूण देवीदास, नीरज कुमार, विधायक निखिल मदान, विधायक पवन खरखौदा, देवेंद्र कौशिक, जिला मीडिया प्रभारी दिनेश अत्री, जिला परिषद की अध्यक्ष मोनिका दहिया सहित मंडल अध्यक्ष व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नकदी और गहने छीनने का आरोपी गिरफ्तार, छीने गए आभूषण बरामद

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने आभूषण व रुपये छीनने की वारदात में शामिल आरोपित को प्राडेक्शन वारंट पर लिया है। गिरफ्तार आरोपित विकास निवासी प्रगति नगर का है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी किए आभूषण बरामद कर लिए है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।गढ़ी मीमारपुर निवासी महताब उर्फ रामफल ने 11 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह अपने दोस्त चांद व आशू के साथ नाई की दुकान पर सामान लेने के लिए जा रहा था। वह कुछ देर के लिए आराम करने के लिए खिजर पार्क के पास बैठ गए। उसी दौरान स्कूटी पर आए तीन लड़कों ने कहासुनी शुरू कर दी। उसके गले से चांदी की चैन व कान से सोने की बाली व उसके दोस्त की जेब से 27 रुपये छीनकर फरार हो गए। पीड़ितों ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने इस संबंध में दो आरोपितो को पहले गिरफ्तार कर लिया था। वारदात में शामिल तीसरे आरोपित को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से चोरी की चांद व सोने की बाली बरामद की।

## मिड-डे- मील वर्कर्स वर्कर्स ने किया प्रदर्शन, मंत्री आवास पर सौंपा ज्ञापन

**गोहाना।** मीड-डे-मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा के आह्वान पर गुरुवार को गोहाना, मुंडलाना व कथुरा खंड की वर्करों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। सेक्टर सात स्थित कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा के आवास पर पहुंचकर पीए को मांगपत्र सौंपा। इस मौके पर आनंद शर्मा, सुरेश यादव, सुनीता, रेखा व सुमन सैनी ने संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि तीन अगस्त को वर्कर पानीपत में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के यहां प्रदर्शन करेंगी। वर्करों को कई महीने से मानदेय नहीं दिया जा रहा है। वर्दी का पैसा भी स्कूलों में नहीं मिल रहा। वर्कर्स को साल में 10 माह मानदेय दिया जाता है जबकि काम 11 महीने किया जाता है। मानदेय कम से कम 26 हजार रुपये होना चाहिए। वर्करों को सेवानिवृत्त पर दूसरे कर्मियों की तरह लाभ मिलना चाहिए। कार्य के दौरान अगर किसी वर्कर की मौत होती है तो सरकार उसे आर्थिक सहायता दे। अब बीपीएल परिवारों के कार्ड काटे जा रहे हैं और बिजली की दरें भी बढ़ा दी गईं। स्कूलों को बंद या मर्ज किया जा रहा है।

## अस्पताल में एक्स-रे मशीन खराब | निराश होकर वापस लौटे 120 मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत





नागरिक अस्पताल सोनीपत में एक बार फिर बृहस्पतिवार को एक्स-रे सेवा बाधित हो गई है, जिससे रोजाना जांच के लिए आने वाले 100 से 170 मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक्स-रे मशीन की ट्यूब के पेंच ढीले होने से फिलहाल इसका संचालन अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। मशीन के गिरने की आशंका के चलते एहतियातन यह निर्णय लिया गया। प्रबंधन ने कंपनी के इंजीनियर से पत्राचार करके सूचना दी गई है। जल्द से जल्द मशीन के ठीक होने की उम्मीद जताई जा रही है।

अस्पताल में दो नई एक्स-रे मशीन भी उपलब्ध है, लेकिन एक मशीन अभी भी किसी तकनीकी खामी के कारण अब तक चालू नहीं हो सकी है। दूसरी मशीन में तकनीकी खराबी आ गई। अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही व तकनीकी रख-रखाव में कमी से यह स्थिति बार-बार उत्पन्न हो रही है। इससे पहले भी कई मौकों पर मरीजों को एक्स-रे के लिए निजी अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ा है। बृहस्पतिवार को आई तकनीकी खराबी से एक्स-रे बंद करना पड़ा। एक्स-रे खराब होने से गरीब और दूरदराज से आने वाले मरीजों को निजी संस्थानों में जांच करानी पड़ रही है, जहां उन्हें महंगे शुल्क का सामना करना पड़ता है। यह स्थिति उनके लिए न केवल आर्थिक बल्कि मानसिक रूप से भी बड़ी चुनौती बन गई है। मरीजों और उनके परिजनों ने मांग की है कि अस्पताल प्रशासन इस समस्या का स्थाई समाधान निकाले और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए तत्परता दिखाए, ताकि भविष्य में ऐसी असुविधा से बचा जा सके।

### तकनीकी खराबी, इंजीनियर को कर दिया है सूचित

एक्स-रे मशीन के ट्यूब के पेंच ढीले होने की सूचना मिलते ही इंजीनियर को सूचित कर दिया गया है। उम्मीद है कि कल तक एक्स-रे सेवा फिर से बहाल होगी। मरीजों की सुविधा के लिए प्रबंधन की तरफ से समय-समय पर जरूरी कदम उठाए जाते हैं। ताकि किसी प्रकार की समस्या का सामना न हो।

*-डॉ. संदीप लठवाल, मीडिया नोडल अधिकारी नागरिक अस्पताल।*




बच्चो, आज हम तुम्हें दुनिया की कुछ ऐसी अजीबो-गरीब बिल्डिंग्स के बारे में बता रहे हैं, जिनको देखकर तुम यह सोचते रह जाओगे कि यह बिल्डिंग है या कोई जानवर है या फिर कुछ और है! इनमें से कुछ बिल्डिंग्स तो ऐसी हैं, जिन्हें देखकर तुम्हारी हंसी नहीं रुकेगी।



अजब-गजब / अनुराग मनींद्र

# हैरान करती अमेजिंग बिल्डिंग्स

## डांसिंग कपल जैसा फ्रेड एंड जिंजर

**बच्चो, तुमने** लोगों को डांस करते हुए तो खूब देखा होगा। तुम खुद भी दोस्तों के साथ डांस करते होगे। इमेजिन करो कि तुम कहीं जा रहे हो और तुम्हें कोई बिल्डिंग डांस करती हुई-सी दिखे, इस पर पहले तो तुम्हें आश्चर्य होगा कि बिल्डिंग डांस कैसे कर सकती है? लेकिन चेक गणराज्य की राजधानी प्राग में एक ऐसी बिल्डिंग बनाई गई है, जिसे दूर से देखने पर ऐसा लगता है मानो, कोई कपल डांस कर रहा हो। इस अनोखी बिल्डिंग के आर्किटेक्ट फ्रैंक गेहरी ने इसे 'फ्रेड एंड जिंजर' नाम दिया। दूर-दूर से लोग प्राग की इस डांसिंग बिल्डिंग को देखने आते हैं। *

## जूते के आकार का हेंस शू हाउस

**जूते पैरों** में पहने जाते हैं लेकिन किसी को जूतों में रहने का विचार आए तो? अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में रहने वाले जूतों के विक्रेता महलोन हेंस ने 1948 में अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए जूते के आकार का एक हाउस बनवाया। इस शू-शेप्ड हाउस के अंदर जूते के पंजे वाले स्थान पर



लिविंग रूम, एड़ी वाले स्थान पर किचेन और टखने वाले स्थान पर दो बेडरूम बने हैं। इस शू-हाउस में एक छोटी-सी आइसक्रीम की शॉप भी है। इस अनोखे डिजाइन का हाउस बनवाने वाले महलोन हेंस के नाम पर ही इसका नाम 'हेंस शू हाउस' रखा गया। हेंस खुद तो कभी अपनी फैमिली के साथ इस हाउस में नहीं रह पाए, लेकिन इस अजब-अनोखे शू-शेप्ड हाउस में पर्यटक कुछ समय के लिए रह सकते हैं। *

## डॉग के शेप जैसा बीगल हाउस

**डॉग या** तरह-तरह के एनिमल्स शेप वाले खिलौनों से तो तुम खूब खेलते होगे। लेकिन जरा सोचो, तुम्हें अगर किसी डॉग-शेप्ड हाउस में रहने का मौका मिले तो? यकीन नहीं हो रहा न! लेकिन यह सच है। अमेरिका के इडाहो स्टेट में



कॉटनवुड नामक स्थान पर डॉग के आकार का यह अमेजिंग हाउस बनाया गया है। इस घर में गेस्ट्स के लिए फ्रिज, माइक्रोवेव, फ्री इंटरनेट और बाथ टब जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। यहां लोग अपने डॉगी को लेकर भी आते हैं, डॉगी के साथ इस डॉग-शेप्ड हाउस में ठहरते हैं। *

## मस्त होकर झूमता द क्रुक्ड हाउस

**पोलैंड के** सोपोट शहर में स्थित एक शॉपिंग सेंटर का एक हिस्सा कुछ इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसे अगर दूर से देखा जाए तो ऐसा लगता है मानो, यह बिल्डिंग मस्त होकर झूम रही है। इस बिल्डिंग का डिजाइन सोटिंस्की और जलेस्की नामक आर्किटेक्ट्स ने




तैयार किया था। बच्चो, जरा सोचो इस बिल्डिंग को डिजाइन करने वाले के मन में क्या खयाल आया होगा कि उन्होंने ऐसी झूमती हुई-सी बिल्डिंग डिजाइन की। अपने अनोखे क्रुक्ड (टेढ़ा-मेढ़ा), झूमते हुए से डिजाइन के करण यह पोलैंड के सबसे ज्यादा फोटोग्राफी किए जाने वाले स्थलों में से एक है। *

## शीप एंड डॉग बिल्डिंग

**डॉग शेप** वाले बीगल हाउस की तरह ही न्यूजीलैंड में दो बिल्डिंग्स आस-पास बनाई गई हैं। इनमें से एक शीप (भेड़) जैसी और एक डॉग के आकार की बिल्डिंग है। न्यूजीलैंड के 'तिराऊ' समुदाय में भेड़ और कुत्ते का खास महत्व है। भेड़ और कुत्ते के शेप में बनी ये दोनों बिल्डिंग्स भी 'तिराऊ' समुदाय के लोगों के बीच खास महत्व रखती हैं। ये अनोखी बिल्डिंग्स यहां आने वाले



पर्यटकों के लिए सूचना केंद्र के रूप में काम करती हैं। दोनों बिल्डिंग के स्टाफ पर्यटकों को आस-पास के दर्शनीय स्थलों के बारे में जानकारी देते हैं। साल 1990 में पहले यहां डॉग और शीप के आकार की दो बिल्डिंग्स बनाई गई थी। इन दोनों बिल्डिंग्स की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए वर्ष 2016 में इनके पास में ही मेल शीप (नर भेड़) के आकार की एक और बिल्डिंग बनाई गई। *

# फल-सब्जियों के रंगों का राज

बच्चो, क्या तुमने कभी सोचा है कि अलग-अलग फल और सब्जियां किसी विशेष रंग की ही क्यों होती हैं? आओ, आज हम तुम्हें कुछ फल-सब्जियों के रंगों की वजह बताते हैं।



एआई इमेज

जानकारी
शिवानी छाया

**ब**च्चो, स्वाद और पौष्टिकता से भरपूर रंग-बिरंगे फल और सब्जियां अपने भीतर मौजूद कुछ रसायनों की वजह से अपना विशेष रंग पाते हैं।

**कच्चे-पक्के आम का हरा-पीला रंग:** सबसे पहले बात 'फलों के राजा' आम की। स्वाद और पौष्टिकता से भरपूर आम जब कच्चा होता है, तब वह हरे रंग का दिखता है। पकने के बाद आम का रंग पीला, नारंगी या लाल हो जाता है। दरअसल, कच्चे आम में क्लोरोफिल अधिक मात्रा में पाया जाता है, इसलिए इसका रंग हरा दिखाई पड़ता है। जैसे-जैसे आम पकता जाता है, उसमें मौजूद क्लोरोफिल कम होता जाता है, वहीं दूसरी तरफ इसमें कैरोटिनॉयड्स का उत्पादन बढ़ता जाता है। अलग-अलग किस्म के कैरोटिनॉयड की मात्रा बढ़ने के कारण पकने पर आम का रंग पीला, नारंगी या लाल हो जाता है।

**लाल-लाल सेब:** पौष्टिकता से भरपूर सेब में कई प्रकार के विटामिन, मिनरल्स और अन्य कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। सेब के लाल रंग की बात करें तो इसमें एंथोसायनिन नामक पिगमेंट पाया जाता है, जिसकी वजह से इसका रंग लाल होता है।


**टमाटर क्यों होता है लाल:** खाने को स्वादिष्ट बनाने वाला टमाटर हर घर के किचेन में पाया जाता है। सलाद और सूप में भी इसका खूब इस्तेमाल होता है। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन के, फाइबर, कैल्शियम जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। कच्चे टमाटर में क्लोरोफिल नामक फाइटोकेमिकल पाया जाता है, जिसकी वजह से इसका रंग हरा दिखता है। जैसे-जैसे टमाटर पकने लगता है, इसमें क्लोरोफिल की मात्रा कम होने लगती है, साथ ही लाइकोपीन नामक फाइटोकेमिकल की मात्रा बढ़ने लगती है। लाइकोपीन की वजह से ही टमाटर का रंग पकने के बाद लाल हो जाता है।



**अलग-अलग रंग के गाजर:** गाजर, विटामिन ए और विटामिन बी6 का महत्वपूर्ण स्रोत होता है। बाजार में अधिकतर पाए जाने वाले नारंगी गाजर की बात करें तो एक खास पिगमेंट (वर्णक) बीटा कैरोटीन की उपस्थिति के कारण गाजर नारंगी रंग का दिखता है। वहीं काले गाजर की बात करें तो इसमें एंथोसायनिन नामक रसायन की उपस्थिति होती है, इस कारण इसका रंग काला दिखाई देता है। *

कविता / दिविक रमेश

## बिन गियर की भैंस



एआई इमेज

गांव गया
होलू ने देखा
बैठी चिड़िया
पीठ पे जमकर
भैंस की।
चल रही थी
मजे-मजे से
उधर मजे से
भैंस भी।
देख-देख
होलू ने सोचा-
क्या समझूं
सोचूं मैं क्या।
चल रही थी
भैंस या उसको
चला रही थी
चिड़िया क्या!
हंसा सोचकर
होलू आगे-
होता अगर
चिड़िया वह तो
डाल-डाल के
गियर तब तो
वह चलाता
भैंस को।
बात कही जब
जाकर होलू ने,
तो पापा यूं
हंसकर बोले-
समझो होलू
आजकल तो
बिन गियर के
अच्छी-अच्छी
गाड़ी चलती।
मुझे तो होलू
बिन गियर की
यह भैंस भी
सच्ची लगती।

## हंसगुल्ले

**रिंकी :** अगर हम गुलाब को चांद पर भेजेंगे तो उसे क्या बोलेंगे?
**पिंकी :** गुलाबजामुन।
**रिंकी :** कैसे?
**पिंकी :** 'गुलाब जा मून' ..ऐसे।
-तृप्ति, रायपुर

**रोहन :** शानू आठ दिन नहीं सोया, फिर भी वह पूरी तरह हेल्दी है, कैसे?
**सोहन :** कैसे?
**रोहन :** क्योंकि वह रात में सोता है।
-किंशुक, बिलासपुर

## जीके क्विज-163

1. स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में भारत का सबसे स्वच्छ शहर किसे चुना गया?
2. हरियाणा के नए राज्यपाल कौन बने हैं?
3. हाल ही में टेनिस का विंबलडन पुरुष एकल खिताब किस खिलाड़ी ने जीता?
4. यूक्रेन की नई प्रधानमंत्री का नाम क्या है?
5. सबसे पुराना वेद कौन-सा है?
6. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
7. किस मुगल शासक ने दिल्ली में लालकिला का निर्माण करवाया था?
8. हाल में किस फाइटर जेट को भारतीय वायु सेना से रिटायर करने का निर्णय लिया गया?
9. जबलपुर शहर किस नदी के किनारे बसा है?
10. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की राजधानी कहां है?



बच्चो, जीके क्विज-163 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-162 का उत्तर :** 1.राकेश शर्मा, 2.अमेरिका, हंगरी और पोलैंड, 3.खान अब्दुल गफ्फार खान, 4.महात्मा गांधी, 5.चमगादड़, 6.रीता फारिया, 7.टेनिस, 8.हाइड्रोक्लोरिक एसिड, 9.बोधगया, 10.हरियाणा एवं पंजाब

**जीके क्विज-162 का सही उत्तर देने वाले :** स्वप्निल-जांजगीर, सौरभ-बिलासपुर, ताशु-ईमेल से, कबीर-हिसार, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, अंकित-दुर्ग, हर्षित-बेमेतरा



कहानी
आलोक कुमार दुबे

रोज-रोज नयन के लॉन में लगे फूल कोई चुपचाप तोड़कर ले जाता था। इस कारण उसकी दादी को पूजा के लिए फूल नहीं मिल पाते। परिवार के सभी लोग परेशान थे, आखिर सुबह-सुबह कौन फूल तोड़कर ले जाता है। इसे कैसे पता किया जाए? नयन ने अपनी सूझ-बूझ से ऐसी तरकीब निकाली कि बड़ी आसानी से फूल तोड़ने वाले का पता चल गया।

## नयन की सूझ-बूझ



**आ**ज फिर लॉन की चारदिवारी पर लगे फूल कोई तोड़ ले गया। ऐसा रोज का नियम बन गया था। बाहर लगे चांदनी, कनेर, गुड़हल के फूल गायब हो रहे थे। नयन की दादी को पूजा के लिए कुछ फूल चहिए होते हैं। जब नहा-धोकर वह बाहर फूल तोड़ने जातीं तो सारे फूल गायब मिलते, बस उनका मूड खराब हो जाता। कुछ देर तक बड़बड़ातीं।

सुबह के नाश्ते के समय दादी ने सबके सामने फूलों के तोड़े जाने की बात कही। इस समस्या का क्या हल निकाला जाए, इस बारे में दादी ने सभी की राय मांगी।

दादाजी ने कहा, 'अब मैं टहलने नहीं जाऊंगा, बाहर ही कुर्सी डालकर बैठ जाऊंगा। फूलों की पहरेदारी करूंगा।'

पापा ने कहा, 'इतनी-सी बात के लिए हम इतने परेशान क्यों हों? माली से कह देंगे, वह रोज फूल की डलिया दे जाएगा।' किचेन से नयन की मम्मी ने भी पापा की बात से सहमति जताई, 'हां, यह ठीक रहेगा। मुझे तो सुबह से चाय, नाश्ते, टिफिन बनाने से ही फुरसत नहीं मिलती है। मैं फूलों की रखवाली कैसे करूंगी?'

नयन सबकी बातें बड़े ध्यान से सुन रहा था। उसके दिमाग में एक आइडिया कौंधा, बोला 'आज स्कूल से वापस आकर मैं कुछ तरकीब लगाऊंगा।' पास बैठी शिखा दीदी नयन को चिढ़ाते हुए बोली, 'तुम तो एक नंबर के आलसी हो। तुम क्या करोगे?'

'आलसी लोगों ने बड़े-बड़े कारनामे किए हैं। देखना, मैं क्या करता हूं।' नयन हंसते हुए बोला।

स्कूल से वापस आने के बाद नयन ने पापा के पुराने मोबाइल को ढूंढ़ा, जिसकी बैटरी खराब हो गई थी। इस कारण पापा अब उसे यूज नहीं करते थे। नयन ने उसे चार्ज करने के लिए लगाया, थोड़ी देर में वह चार्ज हो गया। अभी वह उसके फीचर देख ही रहा था कि फिर बैटरी कम हो गई। इसका मतलब इसे लगातार चार्जिंग पर लगा कर काम में लाया जा सकता है। मोबाइल की इंटरनल मेमोरी चौसठ जी.बी. थी। इसका मतलब है कि इसमें कई घंटे की वीडियो रिकॉर्डिंग की जा सकती है। उसने मन ही मन अनुमान लगाया।

अब सवाल यह था कि इसे किस तरह और कहां लगाया जाए, जिससे किसी को पता न चले कि उस पर नजर रखी जा रही है। नयन ने घर की चारदिवारी से लेकर गेट तक का अच्छी तरह निरीक्षण किया। गेट के ऊपर बल्ब लगाने का स्थान था, जिसके ऊपर जालीदार आवरण था। उसने आवरण को सावधानी से हटाया, बल्ब के होल्डर में तार कनेक्ट करके एक सॉकेट लगाया, अब इसमें चार्जर को लगाया जा सकता था। चार्जर लगा कर मोबाइल को जालीदार आवरण में इस प्रकार लगाया कि उसका कैमरा बाहर की तरफ रहे।

थोड़ी देर वीडियो रिकॉर्डिंग करके देखी, अब चारदिवारी पर लगे सारे फूलों को छूकर देखा, वीडियो रिकार्डिंग में वह साफ नजर आ रहा था। फिर यह काम बंद कर के उसने अपना होमवर्क किया और खेलने चला गया।

नयन ने रात में सोने से पहले सुबह 4 बजे का अलार्म लगा दिया। सुबह उठ कर उसने मोबाइल की रिकॉर्डिंग शुरू कर दी और वापस जाकर सो गया।

सुबह फिर दादी स्नान करने के बाद पूजा के लिए फूल तोड़ने गईं तो फूल गायब थे। आज रविवार का दिन था, इसलिए नयन आराम से सोकर उठा था। उसने दादी से कहा, 'दादी, आप थोड़ी देर रुकिए, मैं अभी आपके फूलों को तोड़ने वाले को आपके सामने लाता हूं।' नयन ने मोबाइल को सावधानी पूर्वक गेट के ऊपर से निकाला और रिकॉर्डिंग देखनी शुरू की।

सुबह के पांच बजे फूलों के पास डलिया लिए कोई फूल तोड़ते हुए दिखा, 'अरे! यह तो अपनी पड़ोस वाली दादी हैं, जो आराम से सारे फूल तोड़कर चली जा रही हैं।' नयन ने दादी को वह वीडियो क्लिप दिखाई तो दादी ने हंसते हुए कहा, 'जा अब तू ही पड़ोस में जा कर शर्मा दादी के पैर छू कर थोड़े फूल मांग ला और कह देना, दादी ने कहा है कि हर रोज कुछ फूल मेरे लिए भी तोड़ कर रख लिया करें।' दादी ने नयन की होशियारी के बारे में घर में सभी को बताया। नयन की सूझ-बूझ पर सभी ने उसकी पीठ थपथपाई। *

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश


## शिक्षा का महत्व बताती कहानी

**ब**च्चो, ढेर सारे चित्रों से सजी लंबी कहानी वाली किताब है-रेवा। इसमें एक लड़की रेवा और उसके दोस्त पलाश की कहानी है। दोनों बातूनी बच्चे आपस में ढेरों बातें करते हैं और एक-दूसरे से सवाल भी। लेकिन बहुतेरी बातों के जवाब सिर्फ पलाश के पास रहते हैं। इसका रहस्य है, उसके चाचा जी, जो खूब किताबें पढ़ते हैं और अकसर पलाश को उनके बारे में बताते हैं। रेवा के पास ऐसी कोई सुविधा नहीं है। उसके घर में पैसों की तंगी भी है। तभी अचानक मकान का किराया न दे पाने के कारण रेवा के परिवार को अपना घर छोड़ना पड़ता है। नई स्थिति से रेवा उलझन में पड़ जाती है। उसकी पढ़ाई छूट जाती है और उसे मजदूरी करनी पड़ती है। वह अब शर्म से पलाश से भी मिलने से बचती है। लेकिन एक दिन पलाश घासमंडी में घास का गट्ठर लिए हुए रेवा को देख लेता है। तब अपनी इस स्थिति के पीछे की वजह के बारे में रेवा उसे जो कुछ बातें बताती है, उनके बारे में जानकर पलाश सन्न रह जाता है। ये सब बातें क्या हैं? इनके बारे में जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। इस किताब को पढ़कर तुम यह भी जान सकोगे कि पढ़ना-लिखना कैसे हमारे ज्ञान के दरवाजे खोलता है, जबकि गरीबी कैसे बहुत से रास्ते बंद कर देती है। *




**किताब**–रेवा, **लेखक**–प्रभात, **चित्र**–प्रियंकर गुप्ता, **मूल्य**–75 रुपए, **प्रकाशक**–एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

## रंग भरो 181



बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक खरगोश खेत से गाजर उखाड़ कर ले जा रहा है। तुम इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## रंग भरो-180

**रंग भरो-180** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





डिंपल, दुर्ग



मन्वय, रायगढ़



रितिका, बिलासपुर



वेदिका, बालोद



तेजस, रायपुर



अनन्या, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

निष्ठा-कबीरधाम, अंकित-धमतरी, प्रियंका-रायपुर, लोकेश-जबलपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दीपू-करनाल, विकास-बिलासपुर, रोशनी-कोरबा, दीपक-बालोद

## खबर संक्षेप

### बेटियों के सपनों पर भारी भाजपा की दोहरी सोचः गौतम

**सोनीपत।** भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर अपने महिला विरोधी रवैये को उजागर करने में पीछे नहीं रही। यह बात सोनीपत लोकसभा क्षेत्र अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम ने राज्सभा संसद सुभाष बराला के बेटे विकास बराला की लॉ ऑफिसर के पद पर नियुक्ति के बाद कही है। देवेन्द्र गौतम ने कहा है कि एक आईएएस अफसर की बेटी के साथ छेड़छाड़ के आरोपित को भाजपा पार्टी द्वारा लॉ ऑफिसर के रूप में नियुक्त करना, न केवल शर्मनाक है, बल्कि हर उस बेटी के सपनों पर करारा तमाचा है, जो सरकार से एक सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल की उम्मीद रखती है। देवेन्द्र गौतम ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है जब भाजपा का महिला विरोधी चेहरा सामने आया है।

### फिर भारतीय जनता पार्टी का चरित्र उजागरः राकेश

**सोनीपत।** प्रदेश प्रवक्ता राकेश सौदा एडवोकेट ने कहा कि असिस्टेन्ट अटार्नी जनरल नियुक्ति मामले मे एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी का चरित्र उजागर हुआ है। इस मामले से साबित होता है कि भाजपा बेटी बचाओ बेटी पढाओं का सिर्फ झूठा नारा देती है। उसे महिलाओं के सम्मान और स्वाभिमान का कोई ख्याल दूर दूर तक नहीं है। ध्यान देने वाली बात है जिस विकास बराला को सरकार ने यह नियुक्ति दी है वो भाजपा सांसद का बेटा है और चण्डीगढ़ मे इसके खिलाफ एक आई ए एस की बेटी का पीछा करने और उसका अपहरण करने का प्रयास करने का मामला दर्ज है। वैसे तो भाजपा मे यह कोई नई बात नहीं है लेकिन इतने महत्वपूर्ण और न्यायिक पद नियुक्ति सरकार की मंशा साफ दिखाई देती है।

### स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने की मांग

**सोनीपत।** नागरिक अस्पताल सोनीपत में अल्ट्रासाउंड एक्सरे मशीन चालू करवाने की मांग को लेकर व मरीजों को दवाई ना मिलने पर अस्पताल परिसर में प्रदर्शन किया गया। स्वास्थ्य सेवा में दुरुस्त करने की मांग को लेकर आज जिला पार्षद संजय बड़वासनियां ने अनोखे ढंग से स्टेचर पर बैठकर अस्पताल में प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। जिला पार्षद संजय बडवसनीय ने कहा कि नागरिक अस्पताल में आम आदमी काठी ढंग से इलाज नहीं किया जाता। दुर्घटना या डिलीवरी पर कनपुरिया रोहतक रेफर कर देते हैं।

*ट्रायल में दिल्ली के सन्नी को 10-0 से हराकर स्थान पक्का किया*

# अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए मुन्ना का भारतीय टीम में चयन

**चैंपियनशिप 17 से 24 अगस्त तक बुल्गारिया के समोकोव में होगी**

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत


सोनीपत। पहलवान मुन्ना अपने कोच व साथी पहलवान नीरज के साथ।

जिले के लिए एक और गौरवपूर्ण क्षण सामने आया है। जुआं गांव के उभरते पहलवान अमित उर्फ मुन्ना का चयन अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है। यह प्रतिष्ठित चैंपियनशिप 17 से 24 अगस्त तक बुल्गारिया के समोकोव शहर में आयोजित होगी। अमित के चयन से उनके गांव और अखाड़े में खुशी की लहर दौड़ गई है। प्रशिक्षक संजीत ने जानकारी देते बताया कि लखनऊ में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्लूएफआई) द्वारा आयोजित ट्रायल में अमित ने 79 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में दिल्ली के पहलवान सन्नी को एकतरफा मुकाबले में 10-0 से हराकर अपना स्थान पक्का किया। उन्होंने कहा कि अमित इस समय बेहतरीन फॉर्म में हैं और लगातार अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल ही में अमित ने 8 से 13 जुलाई तक किर्गिस्तान के बिश्केक में आयोजित अंडर-20 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा, जून में मंगोलिया में हुई तीसरी रैंकिंग सीरीज में उन्होंने कांस्य पदक भी हासिल किया। वह इससे पहले दो बार एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक अपने नाम कर चुके हैं। अमित की इस उपलब्धि पर अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक बलवंत छिक्कारा, संजीत, डालमिया, रविंद्र छिक्कारा, आरएस छिक्कारा व राजेश छिक्कारा ने उन्हें बधाई दी और आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। क्षेत्रवासियों को भी उम्मीद है कि यह होनहार पहलवान विश्व मंच पर भी देश का नाम रोशन करेगा।


गोहाना। प्रतियोगिताओं में विजेता घोषित विद्यार्थी अपने गुरुजनों के साथ।

## कविता पाठ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की झलकी प्रतिभा

- जेकेआर पब्लिक स्कूल में अंतरसदनीय कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन

गोहाना। शहर में महम मार्ग पर गुढ़ा चुंगी के समीप स्थित जेकेआर पब्लिक स्कूल में कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में मेधावी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का सराहनीय प्रदर्शन किया। विजेताओं को स्कूल के एमडी राजबीर राठी ने प्रशंसा पत्र प्रदान करके सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कविता पाठ प्रतियोगिता कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई। नेतृत्व शिक्षा निदेशक महेन्द्र पाराशर का रहा। अध्यक्षता पवन यादव ने की। प्रतिभागी विद्यार्थियों ने मातृभूमि, देशभक्ति, आतंकवाद और प्रकृति पेम विषय पर कविताओं का वाचन किया। प्रतियोगिता में शिशु वर्ग में यूरेनस सदन से भानू प्रथम, जूपिटर सदन से आकांक्षा द्वितीय और मार्स सदन से रिधि तृतीय स्थान पर रही। बाल वर्ग में यूरेनस सदन से आरुव प्रथम, जूपिटर सदन से रिधि द्वितीय और मार्स सदन से सिधि तृतीय स्थान पर रही। किशोर वर्ग में यूरेनस सदन से तान्या, जूपिटर सदन से भूमिका और अर्थ सदन से खुशी क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।


गोहाना। सीएम नायब सैनी को मांगों बारे अवगत करवाते विधायक इंदुराज नरवाल।

## विधायक ने जर्जर सड़कों के सुधार की मांग उठाई

- बरोदा विधानसभा के कांग्रेस विधायक इंदुराज ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बरोदा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल ने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उनके आवास पर भेंट की। विधायक ने वर्ष 2020 में बरोदा विधानसभा के उप चुनाव के दौरान भाजपा द्वारा की गई घोषणाओं को लागू करने की मांग की। इसके साथ में विधायक ने हलका में विभिन्न जर्जर सडक़ों के सुधार की भी मांग की।

विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और अन्य मंत्रियों ने बरोदा हलका के उपचुनाव के दौरान यहां के विकास के लिए कई प्रमुख घोषणाएं की थी। अब तक उन घोषणाओं पर काम शुरू नहीं हुआ है, जबकि हलके के विकास के लिए उनको पूरा करना जरूरी है। नरवाल ने कहा कि घोषणा के अनुसार बरोदा में आइएमटी स्थापित की जाए और राइस मिल लगाया जाए। गांव बुटाना स्थित जनता शिक्षण संस्था को विश्वविद्यालय बनाया जाए। इसके साथ में विधायक ने बरोदा हलका की सडक़ों की स्थिति से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि गोहाना-बरोदा-जुलाना मार्ग कई साल से जर्जर है। इस मार्ग के नवनिर्माण के लिए बजट दिया जाए। गोहाना-कथूरा-महम मार्ग के स्वीकृत कार्य को शीघ्र शुरू कराया जाए। अन्य ग्रामीण सडक़ों की मरम्मत व चौड़ीकरण कराया जाए। विधायक के अनुसार मुख्यमंत्री सैनी ने सभी मांगों को गंभीरता से सुना और शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## भगवान शिव-पार्वती विवाहोत्सव की सुंदर प्रस्तुति से मोह लिया मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर में सोनीपत मार्ग स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल में शिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। समारोह का शुभारंभ भगवान शिव-पार्वती की पूजा के साथ हुआ। समारोह में विद्यार्थियों ने शिव-पार्वती विवाहोत्सव की शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों द्वारा समारोह में सुंदर कांवड़ भी बनाई। कांवड़ को फूलों व लडिय़ों से सजाया गया। मुख्य वक्ता स्कूल के चेयरमैन महेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि हमारे पर्व हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। अपने त्योहारों को सभ्य तरीके से मनाएं और अपनी संस्कृति की गरिमा को बनाकर रखें। अपनी अपने वाली पढिय़ों को सांस्कृतिक मूल्यों से परिपूर्ण संस्कृति देकर जाएं। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य कुलदीप देशवाल ने की। आयोजन में शिक्षकवृंद संगीता अरोड़ा, पूजा, सादमा खान, तमन्ना, बीना और मनीता का विशेष सहयोग रहा।


शिवरात्रि समारोह में अपनी प्रस्तुति देते शेर सिंह पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी।

## विद्यार्थियों को दी करियर एवं प्रशिक्षण की जानकारी

- कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को भविष्य की योजनाएं बनाने में सहायता प्रदान करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

रोजगार कार्यालय गन्नौर द्वारा युवाओं के उज्जवल भविष्य को दृष्टिगत व्यवसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों को करियर विकल्पों, व्यवसायिक पाठ्यक्रमों और प्रशिक्षण सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान दी गई। जैन स्कूल गन्नौर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गन्नौर और बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल (चिरस्मी रोड स्कूल के विद्यार्थियों से संवाद हुआ। सहायक रोजगार अधिकारी कनव विनायक ने बताया कि मार्गदर्शन सत्र में मुख्य रूप से विभिन्न व्यवसायिक क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी गई । सरकारी व निजी प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के बारे में भी विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को भविष्य की योजनाएं बनाने में सहायता प्रदान करना और उन्हें रोजगारोन्मुखी शिक्षा की ओर प्रेरित करना रहा। विद्यार्थियों से सीधे संवाद करते उन्हें विभिन्न क्षेत्र जैसे कि आईटी, स्वास्थ्य, निर्माण, कृषि, इलेक्ट्रॉनिक्स, बैंकिंग, टूरिज्म एवं हॉस्पिटैलिटी आदि में कैरियर बनाने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण, योग्यता एवं संस्थानों की जानकारी दी। कनव विनायक ने कहा, सरकार द्वारा युवाओं के लिए स्किल इंडिया मिशन, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, हरियाणा स्किल डेवलपमेंट मिशन जैसी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनके तहत निशुल्क या सब्सिडी पर प्रशिक्षण दिया जाता है। साथ ही, स्वरोजगार के लिए भी विभिन्न ऋण योजनाएं जैसे कि मुद्रा योजना, स्टैंडअप इंडिया आदि की जानकारी साझा की गई। उपमंडल रोजगार कार्यालय सहायक रिंकू एवं उनकी टीम मौजूद रही।


कार्यक्रम में सहायक रोजगार अधिकारी विनायक छात्रों को जानकारी देते।

## कांवड़ यात्रा में इंसानियत की मिसाल, सड़क हादसे में फंसे कांवड़ियों की युवाओं ने की मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



कांवड़ यात्रा सिर्फ भक्ति नहीं, बल्कि इंसानियत का भी प्रतीक है। इसका एक जीवंत उदाहरण उस समय देखने को मिला जब गोमुख-गंगोत्री से डाक कावड़ लेकर लौट रहे सोनीपत जिले के कावड़ियों ने उत्तरकाशी के पास एक हादसे में फंसे कावड़ियों की मदद कर मानवता की मिसाल पेश की। दरअसल, दिल्ली के वसंत विहार क्षेत्र के कावड़ियों से भरा एक कैंटर उत्तरकाशी पहुंचने से कुछ दूरी पर अचानक पलट गया। गनीमत रही कि कैंटर खाई में नहीं गिरा, अन्यथा कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। इसी दौरान वहां से गुजर रहे खेड़ी मनाजात (सोनीपत) के कावड़ियों ने तुरंत रुककर घायलों की मदद की और अपने संसाधनों से उन्हें प्राथमिक सहायता दी। इतना ही नहीं, उन्होंने कैंटर में सवार कावड़ियों को अपनी गाड़ी में स्थान देने की भी पेशकश की। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही इन युवाओं ने अन्य कावड़ियों के सहयोग से अस्थायी रास्ता बनवाया और जाम में फंसी अन्य गाड़ियों को बाहर निकलवाया। इस मानवीय कार्य में कई घंटे तक लगे रहने के कारण उनकी अपनी कावड़ यात्रा भी देर से आगे बढ़ सकी। उत्तराखंड पुलिस के सब-इंस्पेक्टर दीपक रावत ने मौके पर पहुंचकर सोनीपत के कावड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे युवा समाज के लिए प्रेरणा हैं। इस पुनीत कार्य में प्रदीप दहिया, दीपक दहिया नाहरी, सुभाष दहिया, रमेश दहिया, संदीप प्रधान, रिंकू दहिया और पंडित संदीप आदि शामिल रहे।


सोनीपत। बुजुर्ग के साथ वृद्धा आश्रम संचालक आंनद कुमार।

### बुजुर्ग को परिजनों से मिलवाया

सोनीपत। गुम हुए बुजुर्ग महा सिंह पहल को उनके परिवार से मिलाने में समाज कल्याण शिक्षा समिति द्वारा चलाए जा रहे वृद्ध आश्रम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महा सिंह पहल, जो गांव गुंबड का रहने वाला था और गन्नौर में रह रहा था, की मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह घर से निकल गया और सोनीपत पहुंच गया। मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाने के एसआई चांद ने बुजुर्ग को अपने पास थाने में रखा और उनके परिवार को ढूंढने की कोशिश की। एसआई चाद बुजुर्ग को गन्नौर भी ले गए, लेकिन उनका पता नहीं चल सका। जिसके बाद एसआई चांद ने बुजुर्ग को वृद्ध आश्रम में भेजा, जहां संचालक आनंद कुमार ने उनकी देखभाल की और उनके बारे में जानकारी ली। आनंद कुमार ने बुजुर्ग के साथ बैठकर उनके बारे में जानकारी ली और पता लगाया कि उनका गांव गुंबड है और वह गन्नौर में रहते है। आनंद कुमार ने गन्नौर में अग्रवाल अस्पताल के डॉक्टर गौतम अग्रवाल से बातचीत की, जिन्होंने बुजुर्ग को पहचान लिया और उनके परिवार के बारे में जानकारी दी।

## एनिमिया मुक्त हरियाणा के लिए एसडीएम ने कमेटी के सदस्यों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर


एसडीएम प्रवेश कादियान।

एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान को लेकर वीरवार को एसडीएम कार्यालय में कोर्डिनेशन कमेटी की बैठक हुई। बैठक में कमेटी चेयरमैन एसडीएम प्रवेश कादियान की अध्यक्षता में कमेटी सचिव एसएमओ डा. टीना आनंद के अलावा पीएचसी आहुलाना एमओ डा. आकाश, पीएचसी गन्नौर एमओ डा. दीक्षा, पीएचसी दातौली एमओ डा. मोहित, पीएचसी बेगा एमओ डा. ज्योति, खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह, सीडीपीओ निर्मल, नपा सचिव प्रदीप खर्ब, निजि स्कूल संघ अध्यक्ष संदीप कादियान और रोटरी क्लब से डा. जेएस धनखड ने भाग लिया। बैठक में एसडीएम ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 6 माह से 59 माह के बच्चों, 5 से 10 वर्ष और 10 से 19 वर्ष के किशोरों, तथा सभी गर्भवती महिलाओं का हीमोग्लोबिन टेस्ट किए जा रहे हैं। इस जांच के आधार पर एनीमिया से ग्रस्त बच्चों और महिलाओं की पहचान कर उन्हें आयरन व फोलिक एसिड की खुराक दी जा रही है। उन्होंने कमेटी के सभी सदस्यों को निर्देश दिए कि एनीमिया मुक्त हरियाणा के लिए लोगों को जागरुक करें। वहीं जांच में एनीमिया ग्रस्त मिलने वालों का स्वास्थ्य विभाग आवश्यक उपचार शुरू करें। जिन बच्चों और महिलाओं में एनीमिया की पुष्टि हो, उन्हें सप्ताह में एक बार आयरन-फोलिक एसिड की गोली दी जाए। यह अभियान न केवल एनीमिया की रोकथाम के साथ बच्चों और महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य में भी सुधार लाएगा।

**कार्यक्रम** | 500 त्रिवेणियों के ऑक्सीजन बाग का संरक्षण

## विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेकर समाज में हरित जागरूकता का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सरदार पटेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोनीपत के 105 विद्यार्थियों और शिक्षकों ने आज पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेकर समाज में हरित जागरूकता का संदेश दिया। यह प्रेरणादायक कार्यक्रम सोनीपत नगर निगम के मेयर राजीव जैन के बेटे दिव्यांक जैन और मानव सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष सुमीत अलख की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में बीके सुनीता, राज्य पुरस्कार विजेता दिलबाग सिंह, रमेश मदान, हवा सिंह पहलवान, सतीश कुमार (एलआईसी), रंजन सहगल, दिव्या, विनय दहिया मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान गांव फाजिलपुर, वार्ड नं. 6 स्थित 500 त्रिवेणियों के ऑक्सीजन बाग की सफाई, देखरेख और संरक्षण का कार्य पूर्ण किया गया। साथ ही, सेक्टर 12 स्थित हरित पट्टी में लगे 500 त्रिवेणी पौधों की जिम्मेदारी "मनीष ट्री" एवं सेवा ट्रस्ट यूके-इंडिया द्वारा निभाई जा रही है, जिन्हें शशिकांत कौशिक द्वारा प्रायोजित किया गया है।


सोनीपत। पौधरोपण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### पौधरोपण करने का आह्वान

मानव सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक पौधा लगाने का कार्य नहीं, बल्कि यह भावी पीढ़ियों को स्वच्छ वायु, स्वस्थ पर्यावरण और संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र देने का संकल्प है। जब एक पौधा बड़ा होता है, तो वह सिर्फ छांव नहीं देता, बल्कि जीवन देता है। मानव सेवा ट्रस्ट का लक्ष्य है कि हर नागरिक अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसका संरक्षण करे। यही सच्ची मानव सेवा है।

## छात्र नेता दीपक को संगठन की अहम जिम्मेदारी, इनसो प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

- बरोदा से जजपा के टिकट पर लड़ा था पिछला विधानसभा चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन का विस्तार करते हुए अपने छात्र संगठन इनसो में महत्वपूर्ण नियुक्ति की। जिसमें बरोदा हल्के से पूर्व प्रत्याशी दीपक मलिक को इनसो का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। दीपक हल्का बरोदा के रभड़ा गांव के निवासी हैं व पिछले एक दशक से रोहतक के विभिन्न शिक्षण संस्थान व महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में अपनी पहचान एक प्रखर वक्ता व सशक्त छात्र नेता के रुप में बना चुके हैं। दीपक मलिक के पिताजी सतबीर मलिक भी चौधरी देवीलाल के अनुयायी रहें हैं व पूर्व में गोहाना से चैयरमेन भी रह चुके हैं। इससे पहले दीपक मलिक जाट शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय संयुक्त सचिव जैसे पदों पर रह चुके हैं। दीपक मलिक आए दिन छात्र हितों के लिए प्रदर्शन करते, ज्ञापन देते व छात्रों की समस्याएं सुनते नजर आते हैं। विवि व आसपास के कालेजों में चाहे हेल्प डेस्क लगाकर छात्रों की एडमिशन में मदद करनी हो या फिर प्रशासन द्वारा किए गए घोटालों को उजागर कर मुखर होकर उनका विरोध करके छात्रों को उनका हक दिलाना हों दीपक मलिक सदैव पहली पंक्ति में नजर आते हैं। हाल ही में हुए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के छात्र आंदोलन में भी दीपक मलिक ने सक्रिय भूमिका निभाई व पहले दिन से लेकर आखिरी पल तक छात्रों के साथ खड़े होकर सरकार को झुकाने में अहम भूमिका निभाई। नियुक्ति पर दीपक ने पार्टी सुप्रीमो व इनसो संस्थापक डा. अजय सिंह चौटाला, पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय का धन्यवाद किया। दीपक ने कहा कि जिस भरोसे व विश्वास के साथ पार्टी संगठन में उन्हें यह जिम्मेवारी सौंपी है वह दिन-रात एक करके इनसो को मजबूत करेंगे।

## खबर संक्षेप



### ब्राइट स्कॉलर स्कूल में हुई स्टेम डीएलडी कार्यशाला

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 24 जुलाई 2025 को एक विचारोत्तेजक स्टीम डीएलडी कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित में नवीन पद्धतियों का अन्वेषण करने के लिए शिक्षकों को एक मंच पर लाया गया।

### महिला विवि की दो छात्राओं ने नेट परीक्षा की उतीर्ण




गोहाना। छात्रा अंकिता माथुर व पारुल।

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां के राजनीति विज्ञान विभाग की दो छात्राओं ने यूजीसी नेट परीक्षा पास कर ली। विभाग के अध्यक्ष डा. रामपाल ने बताया कि विभाग की छात्रा अंकिता माथुर और पारुल ने प्रतिष्ठित यूजीसी-नेट (राजनीति विज्ञान) परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विवि और विभाग का नाम गौरवान्वित किया है।

### विधि-विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न

**सोनीपत।** गांव राठधना में स्थित नवनिर्मित शिव रामेश्वरम धाम मंदिर में आज वैदिक मंत्रोच्चार और पूरे विधि-विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के गांवों और शहर के कोने-कोने से आए हजारों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और प्रसाद ग्रहण किया। पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा था, और हर तरफ /"हर हर महादेव/" के जयकारे गूँज रहे थे।

## सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने की दी चेतावनी

# अतिक्रमण हटाने के नाम पर दहशत फैलाना बंद करे प्रशासन : किशोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत नगर निगम द्वारा देवीलाल चौक पर अतिक्रमण हटाने के नाम पर दुकानदारों का सामान लूट कर ले जाने का सोनीपत व्यापारी एसोसिएशन के संयोजक विमल किशोर ने कड़ा विरोध किया है। व्यापारियों की सूचना पर देवीलाल चौक पर पहुंचे सोनीपत व्यापारी एसोसिएशन के संयोजक विमल किशोर ने कहा नगर निगम व प्रशासन अतिक्रमण के नाम पर लूट मचाकर व्यापारियों में दहशत पैदा कर रहा है जो बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विमल किशोर ने कहा यदि प्रशासन वास्तव में शहर से अतिक्रमण हटाना चाहता है तो सबसे पहले निशानदेही करें कि दुकानदार कहां तक अपना सामान डिस्प्ले कर सकता है समान रख सकता है उसके बाद भी निशानदही से आगे कोई दुकानदार अवैध अतिक्रमण करता है तो उन्हें लिखित में नोटिस दे नोटिस के बाद यदि कोई दुकानदार अतिक्रमण करता है तो भी उसका सामान जब उठाओ तो जितना सामान उठाओ उसका रिटर्न में रसीद दे ताकि वह जुर्माना भर के अपना सामान छुड़ा सके यह नहीं अपनी मर्जी से सारा सामान उठाया कितना उठाया कितना नहीं उठाया कहां मिलेगा कैसे मिलेगा किसका कितना सामान है लिखित में देना चाहिए। यह नही कि अफरा तफरी में आये जो बिना कुछ बताये समान उठा लिया यह तो सीधी सीधी लूट हो गई। विमल किशोर ने चेतावनी देते हुए कहा यदि नगर निगम और प्रशासन ने अपनी तानाशाही बंद न की तो सभी सोनीपत के व्यापारी एकत्रित होकर सड़कों पर उतरेंगे तथा विरोध प्रदर्शन करेंगे।



सोनीतप। अतिक्रमण को हटाते हुए पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

## गन्नौर: नपा ने पुलिस के साथ हटाया अतिक्रमण



■ अभियान के दौरान जब्त किए सामान को नपा में किया सील

**गन्नौर।** शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त और जाम से राहत दिलाने के लिए वीरवार को नगर पालिका व यातायात चौकी पुलिस ने अभियान चलाया। अभियान के दौरान चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक सोहन सिंह व उनकी टीम ने दुकानों के बाहर गलत तरीके से रखे सामान को जब्त करवाया। जब्त किए गए सामान को नगर पालिका में लाकर सील कर दिया गया। चौकी प्रभारी सोहन सिंह ने कहा कि शहर की सड़कों पर जाम लगने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। कई बार दुकानदारों को चेतावनी देने और अपील करने के बावजूद, उन्होंने सड़क पर सामान रखना बंद नहीं किया। जिसके चलते नपा के साथ यह संयुक्त अभियान चला कर दुकानों के बाहर रखे फ्लेक्स बोर्ड, केले, सेब, जूस की रेहड़ियां रजाई सहित कई सामान जब्त किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान शहर को जाम मुक्त और व्यवस्थित बनाने के लिए लगातार चलाया जाएगा।

## वैश्विक स्तर के लिए विद्यार्थियों को तैयार करेगी डीसीआरयूएसटी

■ कुलगुरु प्रो. सिंह ने किया मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक इंडिया की बनाई गई रोबोटिक लैब का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल के कुलगुरु प्रो. प्रकाश सिंह ने मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक इंडिया द्वारा बनाई गई रोबोटिक लैब का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का फोकस अंतरराष्ट्रीय कंपनियों की लैबों को विश्वविद्यालय में स्थापित करवाना है ताकि विद्यार्थी स्वयं को वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए स्वयं को तैयार कर सकें। वीरवार को विश्वविद्यालय की सीआईएल के तहत मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक इंडिया द्वारा बनाई गई रोबोटिक लैब का उद्घाटन कुलगुरु प्रो. सिंह ने किया। इस अवसर पर मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक इंडिया के प्रबंध निदेशक अत्सुशी ताकासे मुख्य अतिथि थे। लैब का उद्घाटन करने से पूर्व दीनबंधु छोटूराम की प्रतिमा को पुष्पांजलि अर्पित की। कुलगुरु प्रो. सिंह ने कहा वर्तमान समय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का है। वैश्विक स्तर पर वहीं राष्ट्र आर्थिक रूप से संपन्न राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल हैं,जहां पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर फोकस किया गया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का फोकस अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों की प्रयोगशालाओं को विश्वविद्यालय में स्थापित करना है ताकि विश्वविद्यालय में अध्ययन व शोध कर रहे शोधार्थियों को नवीनतम तकनीक की जानकारी हो तथा वे इन नवीनतम तकनीक से युक्त प्रयोगशालाओं में प्रयोग करके अपने शोध में गुणवत्ता ला सके तथा स्वयं को वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार कर सकें।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रबंधन निदेशक।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कुलसचिव डा.अजय गर्ग, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो.सुरेश वर्मा, डा.सुमित मलिक, जीएम-एचआरए प्रियंकुर प्रियाकुर तिवारी, एजीएम हिरोकाजू यामाओका, जीएम-आईटी नवीन भूटानी, सीसीओ मनीष जैन, सीएफओ गुरविंदर सिंह गांधी, सहायक उपाध्यक्ष सुनील मेहता, मेरा परिवार एनजीओ के प्रबंध निदेशक अनिल लांडगे आदि उपस्थित थे।

## गोशाला में हरा चारा व सब्जियां की अर्पित

■ लायंस क्लब गन्नौर के तत्वाधान में 'सेवा का संकल्प – भावना के साथ' थीम पर कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

लायंस क्लब गन्नौर के तत्वाधान में आज "सेवा का संकल्प – भावना के साथ" थीम पर आधारित एक प्रेरणादायक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब की अध्यक्षा भावना जगया के नेतृत्व में गोशाला सेवा में चारा डालने का कार्य किया गया । सेवा प्रकल्प के अंतर्गत क्लब सदस्यों द्वारा स्थानीय गोशाला में जाकर गौमाताओं को हरा चारा एवं ताज़ी सब्ज़ियाँ अर्पित की गईं। अध्यक्षा भावना जगया ने कहा कि यह कार्य न केवल सेवा की भावना को दर्शाता है, बल्कि समाज में पशु सेवा के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। क्लब की प्रेसीडेंट भावना ने कहा, "सेवा ही लायंस क्लब की पहचान है। जब हम निःस्वार्थ भाव से जीवों की सेवा करते हैं, तभी हमारे प्रयासों को सार्थकता मिलती है। लायंस क्लब भविष्य में भी इसी प्रकार के जनहितकारी कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब के पदाधिकारी नीरज जाग्या, जितेन्द्र, विक्रांत, तरुण, अंकित, राघव, चिराग, सोमांश, नीरज अरोड़ा, अमित सेठी, शालू वाधवा, डिम्पी, ज्योति, रजनी, नेहा हांडा, गीता, चारू चांदना आदि मौजूद रहे।



गन्नौर। गौ सेवा कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारी ।

## बिना लाइसेंस चल रहे आरओ प्लांट पर नपा सख्त

### संचालकों को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शहर और आसपास के इलाकों में बिना अनुमति चल रहे आरओ प्लांटों पर अब नपा ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। नगरपालिका द्वारा इन अवैध रूप से संचालित आरओ प्लांटों को चिन्हित कर सभी संचालकों को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नपा सचिव द्वारा नोटिस देने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी है। नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि आरओ प्लांट को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों पर जांच की गई। जिसमें अभी तक सामने आया है कि शहर में चल रहे अधिकतर आरओ प्लांटों के पास ट्रेड लाइसेंस नही है। जबकि नपा क्षेत्र में किसी तरह का व्यापार करने से पहले ट्रेड लाइसेंस बनवाना जरूरी है। इस संबंध में एसडीएम प्रवेश कादियान ने भी कार्रवाई के निर्देश दिए थे, जिस पर नगरपालिका ने टीम का गठन कर आरओ प्लांट संचालकों को नोटिस देना शुरू कर दिया है।

### बिना अनुमति भूजल का कर रहे दोहन

क्षेत्र में भूजल स्तर चिंताजनक रूप से नीचे जा चुका है, लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के चलते कई आरओ प्लांट संचालक हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण से एनओसी लिए बिना ही पानी का दोहन कर रहे हैं। इसके अलावा न ही एफएसएसएआई लाइसेंस है और न ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एनओसी है। इन प्लांटों के पास जल की शुद्धता का कोई प्रमाण पत्र नहीं है। अभी नगरपालिका द्वारा नियमों की अनदेखी करने वाले प्लांट संचालकों पर कार्रवाई की जा रही है, जबकि अन्य विभाग अब भी उदासीन हैं।



### टीका राम शिक्षा महाविद्यालय के बीएड कक्षा के छात्र विश्वविद्यालय में रहे अव्वल

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल द्वारा बीएड द्वितीय वर्ष का वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी किया गया। कॉलेज प्राचार्य डा. सुरेंद्र सिंह राणा ने बताया 100 में से 98 छात्रों ने 75% से अधिक अंक प्राप्त किए। विश्वविद्यालय के टॉप 10 की सूची में कॉलेज विद्यार्थियों का कब्जा रहा। बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा संजना ने 9.33 एसजीपीए (88.63%) के साथ प्रथम, तनु ने 9.27 एसजीपीए (88.06%) के साथ द्वितीय, रश्मि ने 9.20 एसजीपीए (87.4%) के साथ तृतीय एवम काजल ने 9.13 एसजीपीए (86.73%) के साथ चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। संजना, नेहा व रश्मि ने विश्वविद्यालय में संयुक्त रूप से तृतीय और काजल व तन्नु ने चौथा स्थान प्राप्त किया। संस्था के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए कॉलेज स्टाफ एवम विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

*राई एथनिक इंडिया में महिला सशक्तिकरण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित*

## आज महिलाएं हर क्षेत्र में नेतृत्व की भूमिका निभा रहीं : कृष्णा गहलावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

राई एथनिक इंडिया में वीरवार को महिला सशक्तिकरण व उनके अधिकारों को अवगत करवाने के प्रति जागरूकता को लेकर हल्के की महिला सरपंच, पंच ,ब्लॉक समिति सदस्य का कार्यक्रम किया गया, जिसमें राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक का कुंडली नगर पालिका चेयरपर्सन शिमला देवी , जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया, राई ब्लॉक समिति चेयरपर्सन सीमा, मुरथल ब्लॉक समिति चेयरपर्सन आशा रानी, महिला मोर्चा अध्यक्ष सोनिया मोर, मंडल अध्यक्ष आरती शर्मा, सुनीता लोचब, शीला , रेखा गर्ग, जिला सचिव अंजली बजाज ने पुष्प गुच्छ व फूलमाला पहनाकर सरपंच, पंच व अन्य महिलाओं ने स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने महिला सरपंचों और पंचों को बताया कि वे किस प्रकार अपने गांवों में विकास कार्यों को गति दे , महिला नेतृत्व और भी मजबूत और प्रभावी हो सकता है। ऐसे कार्यक्रम महिलाओं को न केवल प्रेरित करते हैं, बल्कि उन्हें यह एहसास भी दिलाते हैं कि वे समाज की धुरी हैं और हर परिवर्तन की केंद्रबिंदु भी। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली की धर्मपत्नी गीत कौशिक भी पहुंची । बाद में विधायक कृष्णा गहलावत ने सभी महिलाओं का कार्यक्रम में पहुंचने पर आभार व्यक्त करते हुए तीज की बधाई दी ।



राई। महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में विधायक कृष्णा गहलावत महिला सरपंचों के साथ झुला झूलते हुए । फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर जाखोली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल की पत्नी सविता आंतिल, बबीता कौशिक, अंजू दहिया, बबीता मलिक, सरपंच पुष्पा, जयवंती, शीतला देवी, सविता, सरिता देवी ,पूनम देवी, निर्मला, सुदेश, सुदेश , दीप शिखा, मोनिका ,सुमन, सरिता ,कमलेश, मुकेश, प्रियंका ,जितेश बिना ,रीना ,सुमन ,पूजा, वर्षा रानी ,विनीता, प्रीति, रेनू ,अंशु व ब्लाक समिति सदस्य आदि मौजूद थी।*



गोहाना। कलाकार मनोज कुमार के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नागरिक।

## देशभक्तिः मनोज कुमार ने बेच दी थी अपनी सारी संपत्ति

**गोहाना।** पुराना बस अड्डा गोहाना स्थित सत नगर में फिल्मी कलाकार मनोज कुमार की 88वीं जयंती मनाई गई। समारोह में नागरिकों ने मनोज कुमार के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। समारोह के लिए मार्गदर्शन आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया का रहा। मंच संचालन मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने किया। मुख्य वक्ता कलाकार सोमनाथ तनेजा ने कहा कि मनोज कुमार के माता-पिता ने उनमें देशभक्ति की भावना कूट-कूट कर भरी हुई थी। देशभक्ति की फिल्में बनाने के लिए उनको अपना घर और सारी जायदाद बेचनी पड़ी। उनका जन्म ब्रिटिश भारत (पाकिस्तान) के एबटाबाद में 24 जुलाई 1937 को हरी कृष्ण गिरी गोस्वामी के रूप में हुआ। विभाजन के बाद दिल्ली के शरणार्थी शिविर में पले बढ़े 1956 में वह मुंबई आ गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डॉ. समुद्र दास ने की। उनके अनुसार शहिद, पूर्व-पश्चिम, उपकार व क्रांति जैसी फिल्मों में अपनी सशक्त भूमिकाओं के लिए प्रसिद्ध मनोज कुमार ने देशभक्ति को हिंदी सिनेमा में अग्रणी स्थान दिलाया। उनका सिनेमाई प्रभाव हमेशा अमर रहेगा। इस मौके पर प्रदीप खाणिजो, मदन लाल अत्री, हर भगवान चोपड़ा, सुभाष शर्मा, सुषमा सेतिया, लक्ष्मी देवी, आशा शर्मा व सुदेश उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**बैठक** आयुष्मान योजना को लेकर उपायुक्त सुशील सारवान ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की ली बैठक

# वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 28 से 30 तक आयोजित होंगे विशेष कैंप : उपायुक्त

*लोगों को कैंपों के बारे में जागरूक करने के लिए गांवों व शहरों में करवाएं मुनादी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि देश के प्रत्येक वृद्धजनों के स्वास्थ्य सुरक्षा का ध्यान रखते हुए केन्द्र सरकार ने 70 साल से अधिक उम्र के वृद्घजनों को आयुष्मान योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है ताकि उन्हें अपना ईलाज करवाने को लेकर किसी प्रकार की दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से जिला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 28 से 30 जुलाई तक विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे, जिनमें 70 साल से अधिक उम्र के वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। आयुष्मान योजना के तहत आयोजित होने वाले कैंपों की समीक्षा को लेकर उपायुक्त सुशील सारवान ने बृहस्पतिवार को लघु सचिवालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कैंपों के माध्यम से जिला के प्रत्येक पात्र वृद्धजन को योजना का लाभ प्रदान करने के लिए संबंधित विभाग पूर्ण सहयोग करें।



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### इन जगहों पर आयोजित किए जाएंगे कैंप

डिप्टी सीएमओ डा. अनीता ने बताया कि 28 जुलाई को ये कैंप खरखौदा ब्लॉक में शहर स्थित गढ़ी सैनी चौपाल, गांव झिंझौली, किड़ौली, फरमाणा स्थित सोमनाथ मंदिर, सिसाना, खाण्डा स्थित भूरण चौपाल, राठधना, झरोठी, मण्डोरा स्थित लाईब्रेरी, गांव मुरथल स्थित राधे कृष्ण चौपाल, जैनपुर स्थित सामान्य चौपाल, गढ शहजानपुर स्थित पंचायत भवन में आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा 29 जुलाई को खेवड़ा स्थित ब्लॉक प्रेजीडेंट कार्यालय, जगदीशपुर में सरपंच के घर, जाट जोशी, सेवली, दहीसरा, पबसेरा, बढ़ मलिक स्थित कम्युनिटी सेंटर, बारोटा, हलालपुर स्थित सीएचसी सेंटर, सोनीपत शहर गोविंद नगर स्थित सीएचसी, गुड मण्डी स्थित अग्रसेन भवन, कालूपुर स्थित राजकीय स्कूल, विवेकानंद स्कूल, गढी ब्राह्मणान स्थित राजकीय स्कूल, गढ़ी घसीटा, सैनी चौपाल कबीरपुर, सिक्का कॉलोनी स्थित विजय हाई स्कूल, कल्याण नगर स्थित ठाकुर द्वार मंदिर, सेक्टर-14 स्थित कम्युनिटी सेंटर, सब्जी मण्डी के नजदीक स्थित कम्युनिटी सेंटर तथा सैनी भवन में कैंप आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 30 जुलाई को गन्नौर शहर स्थित श्याम मंदिर, गांधी नगर, विश्वकर्मा, गांव पुरखास स्थित राठी चौपाल, पुगथला स्थित ब्राह्मण चौपाल, अहीर माजरा स्थित पंचायत भवन, बेगा, शाहपुर, सनपेड़ा, पांची, भिगान तथा राजपुर में कैंप आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर भाजपा से जिला महामंत्री महेन्द्र चिढाना, सोनीपत संयोजक नरेश वर्मा, सह-संयोजक पवन दुग्गल, एसएमओ बढ़खालसा डा. अनविता कौशिक, सीएससी जिला प्रबंधक शशिकांत कौशिक सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।